प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. पेपर लीक के आरोपों के कारण 3 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा रद्द : सीबीआई जांच के आदेश, नई परीक्षा तिथि का ऐलान जल्द।
2. आगरा में यमुना नदी में नहाने के दौरान 6 बच्चे डूबे, 4 की मौत, 2 का उपचार जारी।
3. जेठ महीने के दूसरे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ और आसपास के ज़िलों में दिखा आस्था और सेवा का संगम : प्रमुख हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

और

4. प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में तेज़ आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित : आगामी 24 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और बिजली गिरने का अनुमान।

———————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने चिकित्सकीय शिक्षा में दाखिले के लिए 3 मई को आयोजित नीट–यूजी 2026 परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने कहा है कि यह फैसला विद्यार्थियों के हित और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली पर टिके विश्वास को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एक रिपोर्ट.....

*एन.टी.ए. ने बताया है कि सरकार ने पेपर लीक के आरोपों की पूरी जांच के लिए मामला केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा है कि वह सीबीआई के साथ पूरा सहयोग करेगी और जांच के लिए जरूरी सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता उपलब्ध कराएगी। एन.टी.ए. ने कहा है कि परीक्षा के लिए नई तिथि अलग से अधिसूचित की जाएगी। पंजीकरण विवरण, उम्मीदवार की जानकारी और मई 2026 के लिए चयनित परीक्षा केन्द्र अपरिवर्तित रहेंगे और दोबारा होने वाली परीक्षा में उपयोग किये जाएंगे। एजेंसी ने कहा है कि दोबारा परीक्षा के लिए फिर पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा की बचत के लिए लोगों से ईंधन बचाने और विदेशी उत्पादों का उपयोग कम करने का आग्रह किया है। गुजरात के वडोदरा में कल एक जनसभा में श्री मोदी ने पेट्रोल और डीजल का उपभोग कम करने तथा वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाईन कक्षाएं और वर्चुअल बैठक जैसे कोविड दौर के उपाय अपनाने की अपील दोहराई।

*पेट्रोल, डीजल का उपयोग कम करें, मेट्रो का उपयोग करें, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल करें। कार पुलिंग को बढ़ावा दें, यह जरूरी है कि सरकारी और प्राइवेट दोनों ही दफ्तरों में वर्चुअल मीटिंग और वर्क फ्राम होम को प्राथमिकता दी जाए। मैं कुछ स्कूलों से भी आग्रह करूंगा कि कुछ समय के लिए ऑनलाइन क्लासेज की व्यवस्था पर काम करें। मैं आप सब से आग्रह करूंगा कि जब तक हालात सामान्य न हो सोने की खरीद को टालें।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज असम में नवनिर्वाचित एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

—————————

महोबा जिले में समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप की शिकायत के बाद महोबा कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब लोधी ने कथित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की उस अपील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने लोगों से सोना न खरीदने का आग्रह किया था।

—————————

आगरा के थाना कमला नगर क्षेत्र में आज यमुना नदी में नहाने के दौरान 6 बच्चे डूब गए। पीएसी और गोताखोरों की रेस्क्यू टीम ने बच्चों को नदी से बाहर निकाल लिया। सभी को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान चार बच्चों की

मौत हो गई। दो बच्चों का उपचार जारी है। पुलिस उपायुक्त नगर सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि सभी बच्चे एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आगरा आये थे।

——————————

राजस्व परिषद के अधीन लेखपाल के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग 21 मई को राज्य के 44 जिलों में मुख्य परीक्षा आयोजित करेगा। आयोग के परीक्षा नियंत्रक की तरफ से जारी सूचना के अनुसार परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक होगी। मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गये अभ्यर्थियों को आवंटित जिले की अग्रिम सूचना आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

चंदौली में बीते चौबीस घंटों में तीन लोगों की हत्या करने वाले व्यक्ति को बीती रात पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। मारे गए अपराधी ने 24 घंटों में ट्रेन में यात्रा करने वाले दो लोगों और अस्पताल में भर्ती एक महिला की हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने बताया कि पूछताछ में अपराधी ने तीनों हत्याओं की बात कबूल की थी।

———————————

ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ और आसपास के ज़िलों में आस्था और सेवा का संगम दिखाई दिया। जनपदों के प्रमुख हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अयोध्या में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर रामकोट परिक्रमा में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। बिजनौर में ज़िलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रसाद बांटा। लखनऊ में भी बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी उमड़ी। पेश है एक रिपोर्ट....

*अलीगंज के पुराने और नए हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों को बड़े मंगल पर भव्य रूप से सजाया गया है। इन मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। दिन में तेज़ धूप के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नज़र नहीं आई। शहर भर में सामाजिक संस्थाओं और व्यापारिक संगठनों ने जगह–जगह भंडारों का आयोजन कर सेवा की परंपरा निभाई। भंडारों में प्रसाद वितरण के साथ शीतल पेय और पानी की विशेष व्यवस्था*

*की गई है। श्रद्धालुओं ने भी सेवा कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————————

**प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में आज हुई तेज़ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मुरादाबाद, रामपुर, बदायूं और आसपास के ज़िलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कई इलाकों में आवागमन बाधित हो गया। एक रिपोर्ट....**

*बदायूं जिले में जमकर बारिश हुई। जिस कारण जगह जगह पेड़ टूटने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। आज दोपहर जिले के कई इलाकों में अचानक घने बादलों के साथ आई तेज आंधी से जहां पेड़ टूटकर गिर गए वहीं तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया। साथ ही बारिश को देखते हुए किसानों ने भी खेतों की जुताई शुरू कर दी है। मौसम के लगातार करवट बदलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। मोहम्मद नईम, आकाशवाणी समाचार बदायूं।*

**मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया किआगामी 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और तेज़ हवाओं के साथ बिजली गिरने का अनुमान है। बाइट.....**

*आने वाले दिनों में अगर लखनऊ की बात करें तो मौसम साफ रहेगा और दिन में धूप खिलेगी, लेकिन तापमान ऐसा कोई एक्सट्रीम लेवेल तक का नहीं पहुंचेगा। हालांकि तापमान में यहां धीरे–धीरे बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं प्रदेश की बात करें तो कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई बेल्ट में हल्का बूंदाबांदी, गरज चमक के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है। उसका सबब जारी रहेगा कल के लिए। उसके बाद मौसम आने वाले दिनों के लिए पूरी तरीके से साफ है। अब यहां से धीरे–धीरे तापमान में हल्की–हल्की आने वाले दिनों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।*

———————————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज गोरखपुर में संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को रोजगार परक और भविष्य आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला कौशल विकास संस्थान हैं।

———————

उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत रामपुर में 15 दिवसीय विशेष शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योजना के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में माटीकला कार्य से जुड़े कुम्हार और परंपरागत कारीगरों को आधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं विपणन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि इच्छुक कारीगर 29 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

(समाप्त)